वर्ष 29 अंक 149
Pages 12
Bareilly, Friday,
9 February 2018
BAREILLY EDITION
Within Bareilly City.- ₹ 2/-
Outside Bareilly City.- ₹ 3/-

दैनिक जागरण

inext

Page NO:04 Right TOP

प्रशस्ति पत्र मिलने के बाद छात्रों के खिले चेहरे.

एसआरएमएस में बांटे पदक और प्रशस्ति पत्र

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (8 Feb):श्री राममूर्ति स्मारक कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में थर्सडे को स्व. राममूर्ति जी के 108 वें जन्मदिन पर 17 वां दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि कुलपति एवं डायरेक्टर आईवीआरआई, प्रो. डा. आर के सिंह व विशिष्ट अतिथि वायस प्रेसीडेंट हर्ष महरोत्रा रहे. समारोह में 2016-2017 में बीटेक, बीफार्मा, एमबीए, एमसीए के उत्तीर्ण स्टूडेंटस को उपाधियां, प्रशास्ति पत्र व पदक दिए गए. ट्रस्ट सचिव अदित्य मूर्ति ने सभी स्टूडेंट्स को शुभकामनाएं दीं. साथ ही पूर्व राष्ट्रपति स्व. डा. एपीजे अब्दूल कलाम के शब्दों का उदाहरण देते हुए कहा कि 'अलग सोचने की हिम्मत करिए, खोजने की हिम्मत कीजिए, आप सफल हो जाएंगे. एकेडमिक डीन डा. प्रभाकर गुप्ता ने 2017-18 की रिपोर्ट प्रस्तुत की. स्टूडेंट को देवमूर्ति,प्रो. डॉ. आरके सिंह, हर्ष महरोत्रा ने उपाधियां एवं पदक वितरित किए. संचालन डॉ. अंकिता टंडन ने किया. राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ.